भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-5452
उत्तर दिनांक 25/03/2026 को दिया गया

यूरेनियम भंडार

5452. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के तुम्मलापल्ले से 4,400 टन यूरेनियम के भंडार में वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यूरेनियम का औसत ग्रेड 0.4% है; और

(ग) यदि हां, तो खोजी गई गहराई का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त स्रोत से यूरेनियम के भंडार का उत्खनन कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) ने वर्ष 2024-25 और 2025-26 (आज की तारीख तक) के दौरान आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले में तुम्मलापल्ले समूह के यूरेनियम निक्षेपों में 4,400 टन (टी) *स्वस्थाने* यू-ऑक्साइड संसाधन में वृद्धि की है।

(ख) नहीं।

(ग) यूरेनियम भंडार का उत्खनन, राज्य सरकार द्वारा परमाणु खनिज रियायत नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार खनन पट्टा प्रदान किए जाने के बाद आरम्भ किया जाएगा।

*****